# सत्र 2021–22
# हाईस्कूल
## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

समय–तीन घण्टे 15 मिनट | विषय – प्रारम्भिक | पूर्णांक–70

हिन्दी

**(केवल नियमानुसार अनिवार्य हिन्दी से छूट पाये परीक्षार्थियों के लिए)**

**नोट**– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए है।

प्र01: (क) निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है? उसे पहचानकर लिखिए। 1

(i) 'कनुप्रिया' धर्मवीर भारती का प्रसिद्ध उपन्यास है।

(ii) हजारी प्रसाद द्विवेदी कवि एवं कहानीकार है।

(iii) बाबू गुलाबराय एक उपन्यासकार थे।

(iv) प्रेमचन्द्र कहानीकार एवं उपन्यासकार के रुप में प्रसिद्ध हैं।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कृति के लेखक का नाम बताइये– 1

(i) चिन्तामणि

(ii) चन्द्रगुप्त

(iii) गोदान

(iv) मेरी असफलताएॅ

(ग) किसी एक संस्मरण लेखिका का नाम लिखिए। 1

(घ) जयशंकर प्रसाद की किसी एक रचना का नाम लिखिए। 1

(ङ) शुक्ल युग की समय सीमा बताइए। 1

प्र02: (क) रीतिकाल की दो विशेषताएं लिखिए। 2

(ख) 'कामायनी' तथा 'लोकायतन' के कवि का नाम लिखिए। 2

(ग) मैथिलीशरण गुप्त की किसी एक रचना का नाम लिखिए। 1

प्र03: निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिये गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (2+4+2=8)

(क) भिन्न–भिन्न धर्मों के मानने वाले भी, जो सारी दुनिया के सभी देशों में बसे हुए है, यहॉ भी थोडी–बहुत संख्या में पाए जाते है और जिस तरह यहॉ की बोलियों की गिनती आसान नहीं, उसी तरह यहॉ भिन्न–भिन्न

धर्मो के सम्प्रदायों की भी गिनती आसान नहीं। इन विभिन्नताओं को देखकर अगर अपरिचित आदमी घबड़ाकर कह उठे कि यह एक देश नहीं अनेक देशों का एक समूह है, यह एक जाति नहीं अनेक जातियों का समूह है, तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

(iii) हमारी संस्कृति और सभ्यता का मूलमन्त्र क्या है?

अथवा

कुसंग का ज्वर सबसे भ्यानक होता है। यह केवल नीति और सदवृत्ति का ही नाश नहीं करता बल्कि बृद्धि का भी क्षय करता है किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी तो वह उसके पैरों में बंधी चक्की के समान होगी जो उसे दिन–दिन अवनति के गड्ढे में गिरती जायेगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली सुदृढ़ बाहु के समान होगी जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाएगी।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) कुसंग और अच्छी संगति में क्या अन्तर है?

प्र04: निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए–

2+6=8

(क) ऊधौ मन न भये दस बीस।
एक हुतौ सो गयौ स्याम संग, कौ अवराधै ईस।।
इन्द्री सिथिल भई केसव बिनु, ज्यौ देही बिनु सीस।
आसा लागि रहति तन स्वासा, जीवहिं कोटि बरीस।।
तुम तो सखा स्याम सुन्दर के, सकल जोग के ईस।
सूर हमारै नंद–नंदन बिनु, और नहीं जगदीस।।

अथवा

सच्चा प्रेम वही है जिसकी
तृप्ति आत्म–बलि पर हो निर्भर।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,

https://www.evidyarthi.in/

करो प्रेम पर प्राण निछावर।।

देश प्रेम पर प्राण निछावर।।

देश प्रेम वह पुण्य–क्षेत्र है,

अमल असीम त्याग से विलसित।

आत्मा के विकास से जिसमें,

मनुष्यता होती है विकसित

प्र05: निम्नलिखित में से किसी एक गद्यखण्ड का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+4=6

भारतीया संस्कृति तु सर्वेषां मतावलम्बिनां संगमस्थली। काले काले विविधाः विचाराः भारतीयसंस्कृतौ समाहिताः। एषा संस्कृतिः समासिकी संस्कृतिः यस्याः विकासे विविधानां जातीनां, सम्प्रदायानां, विश्वासनाञ्च योगदानं दृश्यते। अतएव अस्माकं भरतीयानाम् एका संस्कृति एका च राष्ट्रियता।

अथवा

मानं हित्वा प्रियो भवति कोध हित्वा न शोचति।

कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए– 1+1=2

क) कुत्र मरणं मंगलम् भवति?

ख) भारतीय संस्कृतेः संस्कृते मूलम् किम् अस्ति?

ग) नरः किं हित्वा न शोचति?

घ) लाभानाम् उत्तमं किम् अस्ति?

प्र06: (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय देते हुए, उनकी किसी दो प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए। 2+1=3

(i) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

(ii) रामचन्द्र शुक्ल

(iii) जय शंकर प्रसाद

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय देते हुए; उनकी किसी दो रचना का उल्लेख कीजिए। 2+1=3

(i) तुलसीदास

(ii) रामनरेश त्रिपाठी

(iii) सुमित्रा नन्दन पंत

प्र07: (क) करुण रस की परिभाषा लिखिए तथा एक उदाहरण भी प्रस्तुत कीजिए। 1+1=2

(ख) उपमा अथवा रुपक अलंकार की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 1+1=2

(ग) चौपाई छन्द के लक्षणों का उल्लेख करते हुए एक उदाहरण भी दीजिए। 1+1=2

प्र08: क) निम्नलिखित में से किसी एक पद का समास–विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी बताइए– 1+1=2

(i) अंशुमाली

(ii) मुरलीधर

(iii) वीणापाणि।

ख) निम्नलिखित मुहावरों तथा लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अथी स्पष्ट करते हुए, अपने वाक्य में उनका प्रयोग कीजिए। 1+1=2

(i) ईट का जवाब पत्थर से देना

(ii) डूबते को तिनके का सहारा

(iii) कमर कसना

(iv) ओखली में सिर देना।

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक के दो पर्यायवाची शबद लिखिए– 1+1=2

(i) कमल

(ii) पृथ्वी

(iii) लक्ष्मी

(iv) आकाश

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के तत्सम रुप लिखिए– 1+1=2

(i) हिय

(ii) हाथ

(iii) पोथी

(iv) सूरज

(ड) निम्नलिखित में से किन्ही दो के विपरीतार्थक शब्द लिखिए– 1+1=2

(i) आनन्द

https://www.evidyarthi.in/

(ii) उठना

(iii) कटु

(iv) साक्षर

(च) निम्नलिखित वाक्यांशो में से किन्ही दो के लिए एक–एक शब्द लिखिए– 1+1=2

(i) जो न जाना गया हो।

(ii) अकस्मात या एकाएक घटित होने वाला

(iii) दोपहर के बाद का समय

(iv) जिस भूमि में कुछ उत्पन्न न होता हो।

प्र09– (क) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द में सन्धि विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम भी बताइए– 1

(i) प्रत्येकः

(ii) स्वागतम्

(iii) अत्यन्तः

(ख) 'मति' शब्द के षष्ठी विभक्ति के एकवचन कारुप लिखिए। 1

(ग) 'फल्' शब्द का चतुर्थी विभक्ति के एकवचन अथवा षष्ठी विभक्ति का बहुवचन रुप लिखिए। 1

(घ) 'पठ्' अथवा 'हस्' का धातु, लृट् लकार, मध्यम् पुरुष और बहुवचन बताइए। 1

प्र010– निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखिए– 8

(i) परोपकार

(ii) मेरा प्रिय पर्व

(iii) वृक्ष–मानव के सच्चे हितैषी होते हैं

(iv) यदि मैं प्रधानमंत्री होता